दिन—सोमवार | दिनांक— 16 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। | अवधिः— 15 मिनट

---

01. भारी बारिश के कारण गंगा, कर्मनाशा सहित कई नदियां उफान पर। बक्सर और औरंगाबाद में कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति।

02. जमुई जिले के सोनो में भारी बारिश के चलते बरनार नदी के पुल का पाया धंसा।

03. राष्ट्रव्यापी स्वच्छता ही सेवा अभियान कल से होगा शुरू। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार हाजीपुर से करेंगे राज्य स्तरीय अभियान की शुरूआत।

04. और, पटना और गया में कल से शुरू हो रहे अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेला की सभी तैयारियां पूरी।

————————————————————

राज्य के कई हिस्सों में पिछले अड़तालीस घंटों के दौरान हुई बारिश के कारण गंगा सहित कई बरसाती नदियाँ उफान पर हैं। गंगा नदी में उफान से बक्सर जिले के पांच प्रखंडों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। बक्सर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि बाढ़ के खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट पर है।

———बाईट———

केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी चेतावनी बिंदु को पार कर गई है। जिले के चौसा, बक्सर, सिमरी, चक्की और ब्रह्मपुर प्रखंड के सैकड़ों गांव पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। जिला प्रशासन ने राहत और बचाव टीम को तैयार रहने का निर्देश दिया है। गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए नदी में नाव परिचालन पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए बक्सर से शशांक शेखर।

इधर, कैमूर जिले में पिछले दो दिनों से रूक—रूक कर हो रही बारिश से सुअरा और कुकुरनहिया नदी के जलस्तर में वृद्धि हो रही है। कैमूर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि करकटगढ़ जलप्रपात पर फंसे सैलानियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

———बाईट———

झारखंड और सोन नदी के तटीय इलाकों में लगातार हो रही बारिश से रोहतास जिले में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है। रोहतास से हमारे संवाददाता ने बताया है

कि बाढ़ को देखते हुए प्रशासन ने तटीय इलाके में रहने वाले लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

———बाईट———

झारखंड और सोन नदी के अधिग्रहण क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से नदी के जलस्तर में वृद्धि हो रही है। सिचाई विभाग के मुख्य अभियंता सुजीत कुमार ने बताया है कि कोयल नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से लगभग 2 लाख क्यूसेक पानी सोन नदी में छोड़ा गया है। इससे नदी के तटीय इलाकों में रहने वाले किसानों और पशुपालकों में बाढ़ की आशंका बढ़ गई है। प्रशासन ने तटीय इलाकों में रहने वालों को सुरक्षित स्थान पर जाने की सलाह दी है। आकाशवाणी समाचार के लिए रोहतास से चंदन कुमार....

औरंगाबाद से हमारे संवाददाता ने बताया है कि कुटुंबा और अम्बा प्रखंड के कई निचले इलाकों में बटाने और बतरे नदी में उफान के कारण बाढ़ का पानी फैल गया है।

———बाईट———

————————————————————————

इधर, पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश के कारण जमुई जिले के सोनो थाना क्षेत्र के बरनार नदी पर बना पुल का पाया एक बार फिर धंस गया है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद बताया कि पुल पर आवागमन को बंद कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि पुल की मरम्मत के लिए भागलपुर से तकनीकी टीम को बुलाया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल पच्चीस सितम्बर को भी यह पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोनो पहुंच कर पुल का निरीक्षण किया था और इसकी मरम्मत का आदेश दिया था।

————————————————————————

राज्य में पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास, नवादा और जमुई जिले में हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार रोहतास के संझौली में सबसे अधिक बयासी दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं, जमुई के चकाई में सतहत्तर दशमलव दो, चेनारी में अंठावन दशमलव चार और भभुआ में चालीस दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया है कि बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण अगले चौबीस घंटों के दौरान औरंगबाद, रोहतास, गया, नवादा और कैमूर जिले के कुछ

स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। विभाग ने इस दौरान नदी में नाविकों और नाव से यात्रा करने वाले यात्रियों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है।

---बाईट---

---

जदयू प्रदेश कार्यालय में आज 'मिशन दो हजार पच्चीस–लक्ष्य दो सौ पच्चीस' की रणनीति पर विचार के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय कुमार झा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए वर्ष दो हजार दस से भी अधिक सीटें जीतेगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की पहल से जातीय गणना शुरू हुई और बिहार सरकार ने इसके आधार पर विकास योजनाएं बनाई हैं। ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि नीतीश कुमार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना है। बैठक में पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने पर भी जोर दिया गया।

---

प्रतियोगी परीक्षाओं में जालसाजी और धोखा–धड़ी की घटनाओं को रोकने के लिए केन्द्र सरकार ने कर्मचारी चयन आयोग को विभिन्न स्तरों की परीक्षाओं के दौरान उम्मीदवारों को स्वैच्छिक रूप से आधार प्रमाणीकरण के लिए अधिकृत किया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने परिक्षार्थियों को आयोग की ओर से आयोजित भर्ती परीक्षाओं के विभिन्न चरणों में और पंजीकरण पोर्टल पर प्राथमिक पंजीकरण–ओटीआर के समय आधार प्रमाणीकरण के लिए अनुमति दी है।

---

स्वच्छता ही सेवा अभियान, दो हजार चौबीस कल से शुरू होकर दो अक्टूबर तक चलेगा। इस वर्ष इसका विषय स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता रखा गया है। इस अभियान के तहत पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक भवनों, व्यावसायिक क्षेत्रों, जलाशयों, चिडियाघरों, अभयारण्यों और सामुदायिक तथा सार्वजनिक शौचालयों सहित विभिन्न स्थानों पर श्रमदान और सामूहिक रूप से बड़े पैमाने पर सफाई की जाएगी। देशभर में

केन्द्र सरकार के सभी मंत्रालयों और राज्यों की ओर से इस सिलसिले में कई कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार कल हाजीपुर से राज्य स्तरीय स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत करेंगे। बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में श्री कुमार स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने वाले लोगों को सम्मानित भी करेंगे। इस अवसर पर सफाई कर्मियों के लिए सफाई मित्र सुरक्षा शिविर लगाया जाएगा, जिसमें इनके स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। प्रदेश के बुद्धिजीवियों और किसानों ने प्रधानमंत्री की इस पहल की सराहना की है।

---बाईट---

---

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आरक्षण को समाप्त करने के बयान पर कांग्रेस लीडर राहुल गांधी की आलोचना की है। श्री चौधरी ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि राहुल गांधी ने विदेश यात्रा के दौरान इस तरह का बयान देकर देश की छवि को खराब करने का प्रयास किया है।

---बाईट---

---

राजद नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने राज्य में बेलगाम अपराध को लेकर नीतीश सरकार की आलोचना की है। आज मुजफ्फरपुर में संवाददाताओं से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने में विफल साबित हो रही है।

---बाईट---

---

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने तेजस्वी यादव के बयान पर पलटवार किया है। श्री सिन्हा ने शेखपुरा में संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि राजद के शासनकाल में अपराधियों और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण मिलता रहा है।

———बाईट———

——————————————————————————

पटना स्थित पुनपुन नदी के किनारे कल से आयोजित अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेला की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दो अक्टूबर तक चलने वाले इस मेले में देश–विदेश से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं और तीर्थ यात्रियों के पहुंचने की संभावना है। ये श्रद्धालु अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान और तर्पण करने यहां आते हैं। जिला प्रशासन की ओर से मेले के दौरान श्रद्धालुओं के आवासन और पिंडदान के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

——————————————————————————

पैगंबर हज़रत मोहम्मद का जन्म दिवस ईद–ए–मिलाद–उल–नबी आज धार्मिक श्रद्धा और आस्था से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राजधानी पटना सहित विभिन्न जिलों में पैगंबर मोहम्मद के जीवन और शिक्षण पर मिलाद महफिल और सीरत का आयोजन किया गया और मिलाद जुलूस भी निकाले जा रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति दौपद्री मुर्मू ने शुभकामना देते हुए कहा कि पैगंबर मोहम्मद ने सभी को प्रेम और भाईचारे की भावना तथा समाज में समानता और सद्भाव के साथ रहने का संदेश दिया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में समाज में सद्भाव और एकजुटता हमेशा बनी रहने की कामना की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब का संदेश प्रेम, सहिष्णुता, शांति एवं विश्व बंधुत्व का था।

——————————————————————————

01. भारी बारिश के कारण गंगा, कर्मनाशा सहित कई नदियां उफान पर। बक्सर और औरंगाबाद में कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति।

02. जमुई जिले के सोनो में भारी बारिश के चलते बरनार नदी के पुल का पाया धंसा।

03. राष्ट्रव्यापी स्वच्छता ही सेवा अभियान कल से होगा शुरू। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार हाजीपुर से करेंगे राज्य स्तरीय अभियान की शुरूआत।

04. और, पटना और गया में कल से शुरू हो रहे अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेला की सभी तैयारियां पूरी।

——————————————————————————

समाप्त